

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

महा शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

VOL: 11 | ISSUE 34 | SUNDAY 15-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## PUBLIC NOTICE

I, Deepak Gupta S/o Sh. Krishan Chand Gupta, Karta Deepak Gupta HUF do hereby give this public notice that there is a **land litigation/dispute** with regard to (i) Land measuring 46Kanal 2Marlas comprising of Khewat No.366 Khatauni no.421 Khasra no.41//1/2(4-5), 41//2(7-11), 41//3(7-11), 41//4(7-11), 41//7/2(2-12), 41//8(8-0), 41//9(7-15), 41//10/1(0-17); (ii) Land measuring 9Kanal 0Marlas comprising of Khewat No.364 Khatauni no.419 Khasra no.30//21(7-16), 30//22(1-4); (iii) Land measuring 7Kanal 11Marlas comprising of Khewat No.367 Khatauni no.422 Khasra no.41//5 (7-11); (iv) Land measuring 30Kanal 8Marlas comprising of Khewat No.365 Khatauni no.420 Khasra no.31//22/2(6-8), 31//23(8-0), 31//24(8-0), 31//25(8-0); and (v) Land measuring 13Kanal 14Marlas comprising of Khewat No.363 Khatauni no.418 Khasra no.42//1 (8-0), 42//2(5-14), as per jamabandis for the years 2016-2017, situated at **Village Malakpur,** Hadbast No.147, **Tehsil Ludhiana (West), District Ludhiana** with (1) Hemant Gupta son of Sh. Sandeep Gupta, (2) Sayam Gupta son of Sh. Sandeep Gupta both residents of 521, Aggar Nagar, B-Block, Ludhiana, (3) Pranav Gupta son of Sh. Pardeep Gupta resident of 522-B, Aggar Nagar, B-Block, Ludhiana, (4) Neelam Dawar wife of Sh. Surinder Kumar Dawar, (5) Ankur Dawar son of Sh. Surinder Kumar Dawar both resident of 397/2, Basant Road, Civil Lines, Ludhiana and a civil suit bearing no.666/2026 is pending in the Court of Ms. Monika, Civil Judge (Jr. Division), Ludhiana and is fixed for 24/02/2026. Deepak Gupta HUF is the joint owner in possession in the above said entire land. Notice is given that no person, company, institution, firm, individual etc. should not deal with regard to the aforesaid land in any manner with the above said persons Hemant Gupta & Others. Any person doing so, shall be responsible for all the consequences and the same would be at his or her risk.

**Deepak Gupta HUF,**
through its Karta Deepak Gupta S/o Sh. Krishan Chand Gupta
R/o 508-B, Aggar Nagar, Ludhiana **M. 98140-07486**

Celebrate your Birthday or Anniversary with UTURN TIME in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222

2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# एक्सपर्ट्स की चेतावनी: FY27 के अंत तक सेंसेक्स 60,000 तक फिसल सकता है

## ग्लोबल टेक कमजोरी और अकचिंता से बाजार में भारी बिकवाली, निवेशकों को सतर्क रहने की सलाह


चंडीगढ़, यूटर्न, 14 फरवरी। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में व्यापक गिरावट दर्ज की गई। आईटी, मेटल और हाई-बीटा सेक्टरों में तेज बिकवाली के चलते सेंसेक्स 1,048 अंक गिरकर 82,626 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50, 336 अंक लुढ़ककर 25,471 पर आ गया। बैंक निफ्टी भी 553 अंक टूटकर 60,186 पर बंद हुआ।



बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) में संभावित व्यवधान और वैश्विक टेक शेयरों में कमजोरी ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया है। नैस्डैक अपने हालिया उच्च स्तर 23,857 से करीब 5.5% करेक्ट कर चुका है। PACE 360 के चीफ ग्लोबल स्ट्रैटेजिस्ट अमित गोयल के अनुसार, यदि नैस्डैक में डबल-डिजिट गिरावट आती है तो इसका सीधा दबाव भारतीय बाजारों पर पड़ेगा और FY27 के अंत तक सेंसेक्स 60,000 तथा निफ्टी 18,000 के स्तर तक आ सकता है। सेबी-पंजीकृत विश्लेषक अनुज गुप्ता ने कहा कि अमेरिका में बढ़ती महंगाई, सुस्त हायरिंग और जॉब इनसिक्योरिटी मंदी के संकेत दे रहे हैं। जनवरी 2026 में अमेरिकी महंगाई 2.40% पर पहुंच गई है, जो फेड के 2% लक्ष्य से ऊपर है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, यदि वॉल स्ट्रीट पर गिरावट गहराती है तो भारतीय बाजार भी इससे अछूते नहीं रहेंगे। निवेशकों को फिलहाल सतर्क रणनीति अपनाने की सलाह दी गई है।

# कैबिनेट का बड़ा फैसला: दिल्ली-अंबाला तीसरी-चौथी रेलवे लाइन को 5,983 करोड़ की मंजूरी



चंडीगढ़/नई दिल्ली, यूटर्न, 14 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी (CCEA) ने रेल मंत्रालय की तीन महत्वपूर्ण मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इनकी कुल लागत 18,509 करोड़ रुपये आंकी गई है। इनमें दिल्ली-अंबाला तीसरी और चौथी लाइन परियोजना (194 किमी) को 5,983 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि दिल्ली-अंबाला रेलखंड सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मार्ग सोनीपत, पानीपत, कुरुक्षेत्र होते हुए जम्मू तक सैनिकों की तेज आवाजाही के लिए अहम कड़ी है। परियोजना से दिल्ली-चंडीगढ़-जम्मू रूट पर यात्री ट्रेनों की संख्या और समयबद्धता में उल्लेखनीय सुधार होगा। चार वर्षों में पूर्ण होने वाली इस परियोजना के लिए न्यूनतम भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता होगी। निर्माण कार्य के तहत एक बड़े पुल सहित 28 नए पुल बनाए जाएंगे तथा मौजूदा पुलों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। सरकार के अनुसार, परियोजना से हर वर्ष लगभग 43 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी और 132 लाख मानव-दिवस रोजगार सृजित होंगे। कैबिनेट ने कसारा-मनमाड और बेल्लारी-होसपेट रेलखंडों की तीसरी-चौथी लाइन को भी मंजूरी दी है। इन तीनों परियोजनाओं से दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक के 12 जिलों में कुल 389 किमी रेल नेटवर्क का विस्तार होगा, जिससे परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में बड़ा सुधार होगा। इसी बैठक में सरकार ने नॉर्थ और साउथ ब्लॉक को औपनिवेशिक विरासत बताते हुए आधुनिक 'सेवा तीर्थ' और 'कर्तव्य भवन' जैसे नए कार्यालय परिसरों में स्थानांतरण को प्रशासनिक आधुनिकीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।

# सीआईसीयू डब्ल्यूईएफ ने महिला उद्यमियों के लिए आयोजित किया 'साउंड हीलिंग' सत्र

## मानसिक संतुलन और समग्र विकास पर दिया जोर

लुधियाना, यूटर्न, 14 फरवरी। सीआईसीयू वूमेन एंटरप्रेन्योर फोरम (CICU WEF) ने अपनी महिला सदस्यों के लिए साउथ सिटी स्थित तत्त्वम स्टूडियो में एक विशेष साउंड हीलिंग सेशन का आयोजन किया। 'द मैजिक ऑफ साउंड फ्रीक्वेंसी' थीम पर आयोजित इस सत्र का संचालन प्रसिद्ध साउंड हीलिंग विशेषज्ञ सुश्री शालू वर्मा ने किया। कार्यक्रम में महिला उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानसिक शांति, ऊर्जा और आत्म-संतुलन का अनुभव किया।



कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को ध्वनि तरंगों और कंपन के वैज्ञानिक एवं चिकित्सीय प्रभावों से अवगत कराया गया।

# पैर छूकर ले उड़ा 20 हजार: खन्ना के सराफा बाजार में दिनदहाड़े 'भावनात्मक ठगी'

खन्ना (लुधियाना), यूटर्न, 14 फरवरी। कस्बा खन्ना के व्यस्त सराफा बाजार में दिनदहाड़े ठगी की अनोखी वारदात सामने आई है। एक शातिर युवक ने कुलचे की रेहड़ी लगाने वाले व्यक्ति को सम्मान और अपनापन दिखाने के बहाने करीब 20 हजार रुपये से चूना लगा दिया। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज के अनुसार, आरोपी पहले रेहड़ी से 20 रुपये का कुलचा खरीदता है। भुगतान के बाद वह बातचीत शुरू करता है और 'चाचा-चाचा' कहकर पैर छूने लगता है। इसी दौरान वह चालाकी से रेहड़ी वाले की जेब से नकदी निकालकर मौके से फरार हो जाता है। पीड़ित बरेली ने बताया कि आरोपी पहले भी कई बार उसके पास आता रहा है, जिससे उसे शक नहीं हुआ। आरोपी के जाने के बाद जब जेब जांची गई तो 20 हजार रुपये गायब थे। पीड़ित ने पीछा किया, लेकिन आरोपी हाथ नहीं आया। सूचना मिलते ही खन्ना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह घटना छोटे कारोबारियों को निशाना बनाने वाली 'भावनात्मक ठगी' का नया रूप मानी जा रही है, जहां भरोसे और सम्मान का दिखावा कर अपराध को अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस ने बाजार के दुकानदारों और रेहड़ी संचालकों को सतर्क रहने की सलाह दी है।



4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

धरना अब क्यों दे रहे, जब अपनी सरकार।
अब तो अगलों पर करो, कानूनों से वार।
कानूनों से वार, हाथ वो मारो तगड़ा।
नहीं सके जो भूल, लगाओ ऐसा रगड़ा।
कह साहिल कविराय, आपने है सब करना।
एक्शन करिए आप, छोड़िए देना धरना।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 34 | SUNDAY 15-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



# ‘गैंगस्टरां ते वार’ का 25वां दिन: पंजाब पुलिस ने 702 स्थानों पर छापेमारी की; 232 गिरफ्तार

## पुलिस टीमों ने 89 व्यक्तियों के खिलाफ रोकथाम कार्रवाई की, 165 को तस्दीक के बाद रिहा किया

चंडीगढ़, यूटर्न, 14 फरवरी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निदेशों के तहत शुरू की गई निर्णायक ह्गैंगस्टरां ते वार मुहिम के 25वें दिन, पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के साथियों से जुड़े पहचाने गए और मैप किए गए ठिकानों पर 702 छापेमारियां कीं। जानकारी के अनुसार,




ह्गैंगस्टरां ते वारह् - पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए शुरू की गई निर्णायक जंग - 20 जनवरी, 2026 को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव द्वारा शुरू की गई थी। इसके तहत सभी जिलों की पुलिस टीमों द्वारा एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से पूरे राज्य में विशेष कार्रवाइयां की जा रही हैं।

## सस्पेंड जेल सुपरिंटेंडेंट की बीमारी ने उठाए सवाल: ‘मुफ्त इलाज’ दावों के बीच परिवार आर्थिक संकट में

लुधियाना, यूटर्न, 14 जनवरी। बठिंडा महिला जेल के निलंबित पूर्व सुपरिंटेंडेंट अरविंद्र पाल सिंह भट्टी पिछले एक माह से लुधियाना के डीएमसी अस्पताल में गंभीर अवस्था में भर्ती हैं। मानसिक तनाव और अवसाद से जूझ रहे भट्टी की हालत अब लीवर की गंभीर बीमारी तक पहुंच गई है। 13 जनवरी को उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया था। परिवार



का कहना है कि निलंबन के बाद से वे गहरे अवसाद में चले गए थे। उनकी बेटियों जसलीन कौर और इकनूर कौर ने एक वीडियो जारी कर बताया कि पिता की तबीयत लगातार बिगड़ती गई और कई बार वे रात में रोते हुए उठ बैठते थे। इलाज पर अब तक करीब 15 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं, जिससे परिवार आर्थिक रूप से टूट चुका है।

# चंडीमंदिर से मल्लाह मोड़ तक ट्रैफिक पुलिस की अवैध अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई जारी, 35 चालान किए गए

पंचकूला, यूटर्न, 14 फरवरी। यातायात व्यवस्था को सुचारू व सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से थाना यातायात सूरजपुर की टीम द्वारा टोल प्लाजा चंडीमंदिर से मल्लाह मोड़ तक सड़क किनारे अवैध रूप से लगी रेहड़ी-फड़ी एवं ठेलों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान सड़क पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने वालों को हटवाया गया ताकि आम जनता को जाम व दुर्घटनाओं से राहत मिल सके। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 35 चालान किए गए। इसके अतिरिक्त गलत साइड पार्किंग में खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली



का भी चालान किया गया। पुलिस टीम ने मौके पर मौजूद लोगों व दुकानदारों को सड़क पर अतिक्रमण न करने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया। डीसीपी ट्रैफिक व क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि पंचकूला में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अतिक्रमण व नियम उल्लंघन के खिलाफ लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। आम नागरिकों से अपील है कि सड़क किनारे अवैध रूप से कब्जा न करें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें, ताकि सभी की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। ट्रैफिक पुलिस की ऐसी कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## अपहृत व्यक्ति की मौत का जिम्मेदार पंजाब पुलिस का अरकविदेश में फरार, खुले गैर-जमानती वारंट जारी

मोहाली, यूटर्न, 14 फरवरी। हरजीत सिंह की कथित फर्जी मुठभेड़ में मौत से जुड़े करीब तीन दशक पुराने मामले में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। सीबीआई अदालत के विशेष न्यायाधीश ने पंजाब पुलिस के फरार एएसआई भूपिंदर सिंह के खिलाफ खुले गैर-जमानती वारंट जारी करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने कहा कि आरोपी की मौजूदगी सुनिश्चित करने का एकमात्र प्रभावी तरीका गैर-जमानती वारंट ही है।

### 1992 का मामला

मृतक हरजीत सिंह अमृतसर जिले के गांव बुट्टर कलां का रहने वाला था। आरोप है कि 29 अप्रैल 1992 को उसे थाथियां बस स्टैंड से अगवा किया गया। इसके बाद उसे अवैध रूप से हिरासत में रखा गया और 12 मई 1992 को एक पुलिस पार्टी ने उसे फर्जी मुठभेड़ में मार गिराया।




### हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई जांच

इस मामले की जांच पंजाब एंड हरयाणा हाई कोर्ट के आदेश पर सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन को सौंपी गई थी। प्रारंभिक जांच के बाद सीबीआई ने 1998 में नियमित मामला दर्ज किया। आरोप पत्र में कई पुलिस अधिकारियों को नामजद किया गया।समय के साथ कुछ आरोपियों की मौत हो चुकी है, जबकि शेष आरोपियों को 8 सितंबर 2023 को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

### ट्रायल के दौरान फरार, भगोड़ा घोषित

एएसआई भूपिंदर सिंह ट्रायल के दौरान फरार हो गया था। अदालत ने 6 जनवरी 2021 को उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। सीबीआई ने अदालत को अवगत कराया कि आरोपी वर्तमान में विदेश में छिपा हुआ है।

### इंटरपोल रेड नोटिस की तैयारी

सीबीआई ने दलील दी कि आरोपी के खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी कराने के लिए इंटरपोल नियमों के तहत गैर-जमानती वारंट आवश्यक है। रिकॉर्ड और तर्कों पर विचार करने के बाद विशेष न्यायाधीश ने सीबीआई की मांग को स्वीकार कर लिया।

### अदालत का सख्त संदेश

अदालत ने स्पष्ट किया कि आरोपी एएसआई की अदालत में उपस्थिति केवल खुले गैर-जमानती वारंट के माध्यम से ही सुनिश्चित की जा सकती है। इसके साथ ही अदालत ने भूपिंदर सिंह के खिलाफ वारंट जारी करने का आदेश दे दिया।

## सतलुज-स्वां क्षेत्र के लिए 52 करोड़ की बाढ़ सुरक्षा योजना मंजूर: हरजोत सिंह बैंस

चंडीगढ़, यूटर्न, 14 फरवरी। पंजाब सरकार ने श्री आनंदपुर साहिब हलके में सतलुज और स्वां दरियाओं के किनारे बसे संवेदनशील गांवों की सुरक्षा के लिए 52 करोड़ रुपये की व्यापक



बाढ़ सुरक्षा योजना को मंजूरी दी है। शिक्षा एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में यह कदम मानसून से पहले स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। मंत्री ने कहा कि 52 करोड़ रुपये के कार्यों के लिए टेंडर जारी किए जा चुके हैं और काम शुरू हो चुका है, जबकि लगभग 30 करोड़ रुपये की अन्य परियोजनाएं विचाराधीन हैं। योजना के तहत 11,000 फुट से अधिक लंबे डंगों (रेवेटमेंट) का निर्माण किया जाएगा। दसगराई, महैन, हरसा बेला, महिंदली कलां, अगमपुर, बुर्ज, अजोली और लोधीपुर सहित कई गांवों में डंगा निर्माण को मंजूरी दी गई है। इनमें अगमपुर में 3,200 फुट, लोधीपुर में 2,000 फुट और हरसा बेला में 2,200 फुट लंबे डंगे बनाए जाएंगे। बैंस ने कहा कि पिछले वर्ष की भीषण बाढ़ से सबक लेते हुए सरकार लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि मानसून शुरू होने से पहले सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

## मोबाइल छीनने की वारदात का खुलासा आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल बरामद




पंचकूला, यूटर्न, 14 फरवरी। पंचकूला पुलिस क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 टीम ने थाना सेक्टर-20 में दर्ज मोबाइल छीनने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तथा छीना गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता तुफानी चौहान निवासी अभयपुर इंडस्ट्रियल एरिया फेस-1 पंचकूला ने शिकायत दी कि दिनांक 11 फरवरी 2026 को इंडस्ट्रियल एरिया फेस-2 में शराब ठेका के पीछे बैठकर मोबाइल पर मैच देखते समय एक अज्ञात युवक उसका विवो वी-29 मोबाइल छीनकर फरार हो गया।

शिकायत पर थाना सेक्टर-20 में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। दौरान जांच क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कृष्णा निवासी उन्नाव हाल निवासी जीरकपुर को विकास नगर नाका के पास से काबू किया। पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन बरामद हुआ। मामले की आगे की जांच जारी है। पुलिस ने आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर भेजने की कार्यवाही की है। पंचकूला पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें तथा सार्वजनिक स्थानों पर सतर्क रहें।

4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 34 | SUNDAY 15-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com




# सेक्टर-17 चंडीगढ़ में दिनदहाड़े ज्वेलरी शोरूम से बड़ी चोरी







अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 14 फरवरी। शहर के सबसे व्यस्त और सुरक्षित माने जाने वाले सेक्टर-17-सी में स्थित एक ज्वेलरी शोरूम से दिनदहाड़े बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है।

ग्राहक बनकर आए एक युवक और युवती करीब 25.706 ग्राम वजन का सोने का हार, जिसकी बाजार कीमत 3 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है, चुराकर फरार हो गए। पूरी घटना शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

सेक्टर 27 निवासी शोरूम के मैनेजर संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि युवक और युवती ग्राहक बनकर शोरूम में दाखिल हुए थे।

दोनों ने काफी देर तक अलग-अलग ज्वेलरी देखी, कर्मचारियों से बातचीत की और कई डिजाइनों के बारे में जानकारी ली, जिससे किसी को उन पर शक नहीं हुआ। शिकायत के अनुसार, कुछ समय बाद दोनों बिना कोई खरीदारी किए शोरूम से चले गए। इसके बाद स्टाफ को संदेह हुआ तो रिकॉर्ड और स्टॉक की जांच की गई, जिसमें सोने का हार गायब पाया गया। तुरंत सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई, जिसमें दोनों संदिग्ध सामान्य ग्राहक की तरह जेवरात देखते हुए और फिर मौका पाकर हार चोरी कर शोरूम से बाहर निकलते साफ दिखाई दे रहे हैं।

## ग्राहक बनकर आए युवक-युवती 3 लाख से अधिक का सोने का हार लेकर फरार, CCTV में कैद

शहर के सबसे व्यस्त और सुरक्षित माने जाने वाले सेक्टर-17-सी में स्थित एक ज्वेलरी शोरूम से दिनदहाड़े बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। ग्राहक बनकर आए एक युवक और युवती करीब 25.706 ग्राम वजन का सोने का हार, जिसकी बाजार कीमत 3 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है, चुराकर फरार हो गए। पूरी घटना शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। शोरूम के मैनेजर संदीप, निवासी सेक्टर-27, ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि युवक और युवती ग्राहक बनकर शोरूम में दाखिल हुए थे। दोनों ने काफी देर तक अलग-अलग ज्वेलरी देखी, कर्मचारियों से बातचीत की और कई डिजाइनों के बारे में जानकारी ली, जिससे किसी को उन पर शक नहीं हुआ। शिकायत के अनुसार, कुछ समय बाद दोनों बिना कोई खरीदारी किए शोरूम से चले गए। इसके बाद स्टाफ को संदेह हुआ तो रिकॉर्ड और स्टॉक की जांच की गई, जिसमें सोने का हार गायब पाया गया। तुरंत सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई, जिसमें दोनों संदिग्ध सामान्य ग्राहक की तरह जेवरात देखते हुए और फिर मौका पाकर हार चोरी कर शोरूम से बाहर निकलते साफ दिखाई दे रहे हैं। मामले की जांच कर रही पुलिस थाना सेक्टर 17 पुलिस ने बताया कि आरोपितों के हुलिए सीसीटीवी फुटेज से जुटाए जा रहे हैं और उनकी पहचान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# आखंड यज्ञ स्थल पर सैकड़ों परिवारो ने किया मां भगवती के कंजक स्वरूप का पूजन

## माथे पर तिलक, जीभा से मंत्र उच्चारण, सिमरन व श्रद्धा मानव के सात्विक जीवन की पहचान : महंत प्रवीण चौधरी







लुधियाना, यूटर्न, 14 फरवरी। महंत प्रवीण चौधरी जी के सान्धिय में मां बगलामुखी धाम में 243 घंटे के 11 दिवसीय आखंड महायज्ञ के चौथे दिन कंजक पूजन व बेदी पूजन हुआ। सर्वप्रथम सैंकड़ो यजमान परिवारो ने पूजन कर कंजक रुप में यज्ञ स्थल पर विराजमान मां भगवती का आशीर्वाद लिया। वहीं बेदी पूजन के उपरांत भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओ ने मंत्रोच्चारण के साथ आखंड यज्ञ में आहुतियां डाली। महंत प्रवीण चौधरी जी ने यज्ञ स्थल पर फहराते धर्म ध्वज की तरफ इशारा करते हुए कहा सुखी जीवन जीने के लिए धर्म व सेवा की मार्ग ही सरल उपाय है।

धर्म ही मानव की पहचान है। माथे पर तिलक, जीभा से मंत्रो का उच्चारण, कंठ से धार्मिक स्वर, हाथों से दान, नाम सिमरन व श्रद्धा के भाव ही सात्विक मानव जीवन के प्रमाण है। सायंकालीन आरती के उपरांत भजन गायर सुरिन्द्र जोगिया व प्रतीक कपूर ने अपने मधुर स्वरो से नित पावां दीदार मां तेरी ज्योति दा..., गल्ल पा के मईया दीयां चुनियां.....सहित अन्य भजन प्रस्तुत कर भाव विभोर किया। महिला संकीर्तन मंडल ने मां बगलामुखी को भोग अर्पित किए। भोग व चरणामृत सेवन कर भक्तो ने मां भगवती का शुक्राना किया।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Death Claim: बीमा या बैंक राशि पाने की कानूनी प्रक्रिया क्या है?**

किसी परिवार के सदस्य के निधन के बाद भावनात्मक आघात के साथ-साथ एक व्यावहारिक प्रश्न भी खड़ा होता है—बीमा (Insurance), बैंक खाते, PF या अन्य निवेश की राशि कैसे प्राप्त की जाए? इस प्रक्रिया को सामान्य भाषा में Death Claim कहा जाता है।

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि यदि खाते या बीमा पॉलिसी में Nominee दर्ज है, तो प्रक्रिया अपेक्षाकृत सरल होती है। Nominee आवश्यक दस्तावेज—Death Certificate, पहचान प्रमाण और claim form—जमा कर राशि प्राप्त कर सकता है। लेकिन Nominee 'अंतिम मालिक' नहीं होता; वह राशि वास्तविक कानूनी वारिसों के हित में प्राप्त करता है।

समस्या तब आती है जब Nominee दर्ज न हो, या विवाद हो। ऐसी स्थिति में बैंक या संस्था अक्सर Succession Certificate की मांग करती है। यह प्रमाणपत्र अदालत से प्राप्त होता है और यह साबित करता है कि संबंधित व्यक्ति उस संपत्ति/राशि का वैधानिक दावेदार है।

बीमा दावों में समयसीमा और शर्तों का ध्यान रखना बेहद आवश्यक है। Claim में देरी, दस्तावेजों की कमी या तथ्यों की गलत जानकारी, दावा खारिज होने का कारण बन सकती है। यदि claim अनुचित रूप से reject हो, तो पहले कंपनी के grievance cell और फिर आवश्यकता हो तो Consumer Commission का सहारा लिया जा सकता है।

Death Claim की प्रक्रिया तकनीकी अवश्य है, लेकिन असंभव नहीं। सही दस्तावेज, स्पष्ट जानकारी और समय पर आवेदन—ये तीन बातें प्रक्रिया को सरल बना देती हैं।

निष्कर्ष: Death Claim संवेदनशील समय में उठाया जाने वाला कानूनी कदम है। Nominee, legal heir और Succession Certificate—इनकी सही समझ ही परिवार को अनावश्यक विवाद और देरी से बचाती है। कानून का उद्देश्य राहत देना है, बशर्ते प्रक्रिया ठीक से अपनाई जाए।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### हमारे देश में धर्म के नाम पर विवादित सस्ती पब्लिसिटी कब रूकेगी?

आज के समय में सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स का प्रभाव बहुत बढ़ गया है। हाल ही में Netflix की एक सीरीज घूसखोर पंडित नामक सीरीज को लेकर विवाद देखने को मिला। कहा जा रहा है कि सीरीज में एक किरदार या कहानी का नाम बदल दिया गया है, लेकिन शुरूआत मेंजिस नाम का इस्तेमाल किया गया, उससे काफी चर्चा और प्रचार मिल गया। इससे तो ऐसा ही लग रहा है कि आम जनता की मानसिक स्थिति और भावनाओं का इस्तेमाल करके यह सस्ती लोकप्रियता पाने का एक घटिया तरीका है। धार्मिक भावनाएँ समाज के लिए बहुत संवेदनशील विषय होती हैं। जब किसी कंटेंट में धर्म से जुड़े नाम या प्रतीकों का गलत या विवादित तरीके से उपयोग होता है, तो लोगों की भावनाएँ आहत हो सकती हैं। सोशल मीडिया इस तरह के मामलों को बहुत तेजी से फैलाता है, जिससे विवाद और बढ़ जाते हैं। सोशल मीडिया और कंटेंट बनाने वालों को समझना चाहिए कि लोकप्रियता के लिए ऐसे संवेदनशील विषयों का इस्तेमालकरना सही नहीं है। लोगों को भी बिना पूरी जानकारी के किसी चीज को वायरल करने से बचना चाहिए। जरूरत इस बात की है कि कंटेंट क्रिएटर्स जिम्मेदारी से काम करें और समाज की भावनाओं का सम्मान करें। तभी सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म स्वस्थ और सकारात्मक माहौल बना पाएंगे।

## भांखरपुर में शटर तोड़कर हजारों रु की एल्युमिनियम शीट्स चोरी



डेराबस्सी, यूटर्न, 14 फरवरी। नजदीकी गांव भांखरपुर में रेलवे ओवरब्रिज की सर्विस रोड पर मौजूद कुमार जेनरेटर्स नामक दुकान में रात करीब 2 बजे चोरी हो गई। चोरों ने शटर तोड़कर अंदर से हजारों रुपए मूल्य की एल्युमिनियम शीट्स चुरा लीं। शिकायत मिलने पर पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी है। दुकान के मालिक अश्वनी कुमार पुत्र प्रीतम सिंह निवासी गुरु नानक कॉलोनी ने बताया कि सुबह किसी जान-पहचान वाले ने फोन करके बताया कि दुकान का शटर टूटा हुआ है। जब वे मौके पर पहुंचे और जांच की तो करीब 1 लाख रुपये की एल्युमिनियम सीट गायब मिलीं।

## गोल्डन टेंपल पहुंचे कनाडा के 3 सिख सांसद, श्री दरबार साहिब में टेका माथा, कई मुद्दों पर चर्चा

अमृतसर/यूटर्न/14 फरवरी। कनाडा से आए एक उच्च स्तरीय सिख प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को सिखों के केंद्रीय धार्मिक स्थल गोल्डन टेंपल पहुंचकर दर्शन किए। इस दल में कनाडा की कंजर्वेटिव पार्टी के शैडो वित्त मंत्री और सांसद जसराज सिंह हालण, सांसद अमरप्रीत सिंह गिल (कैलगरी स्काईव्यू) और सांसद दलविंदर सिंह गिल शामिल थे। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजेंद्र सिंह धामी और शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने प्रतिनिधि मंडल का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल और शिरोमणि कमेटी के बीच विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। सांसद जसराज सिंह हालण और दलविंदर सिंह गिल ने कहा कि पूर्ण गुरसिखी स्वरूप में कनाडा की संसद में मानवता की बात करना उनके लिए गर्व का विषय है।



### बोले- कनाडा में नहीं होता किसी के साथ भेदभाव

तीनों सांसदों ने कनाडा को 'लैंड ऑफ अपॉर्चुनिटीज' बताते हुए कहा कि वहां किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होता। उन्होंने बताया कि उनके कार्यालय हर किसी की मदद के लिए हमेशा खुले हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि कनाडा में सिखों द्वारा चलाए जा रहे स्कूल वहां के टॉप 15 शिक्षण संस्थानों में आते हैं, जहां आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ गुरमत और कीर्तन की शिक्षा भी दी जाती है।

Uturn Time 15 Feb 2026_Layout 2 14-02-2026 23:09 Page 7



# फिर दिखा तेज रफ्तार का कहर, 24 घंटे से पहले ही सड़क हादसे में एक व्यक्ति की गई जान

## फिर दिखा तेज रफ्तार का कहर, 24 घंटे से पहले ही सड़क हादसे में एक व्यक्ति की गई जान

सुनील पांडे

लुधियाना/यूटर्न/14 फरवरी। ढोलेवाल से प्रताप चौक की और जाने वाली सड़क पर शनिवार सुबह सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को तेज रफ्तार से आ रहे वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना स्थल के पास एक दुकानदार ने बताया की सुबह जब यह हादसा हुआ तो वाहन ड्राइवर गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने शव पर कपड़ा डाला और तुरंत पुलिस को सूचना दी। लोगों का कहना है कि युवक को किसी ट्रक ने टक्कर मारी है। हालांकि पुलिस ने अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं की है। पुलिस का कहना है कि सेफ सिटी कैमरों की फुटेज जांचने के बाद ही यह तय हो पाएगा कि हादसा ट्रक से हुआ है या किसी अन्य वाहन से हुआ। सूचना मिलने पर थाना डिवीजन नंबर छह की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को शनाखत करने की कोशिश में जुट गई। हालांकि अभी तक पुलिस को मृतक के परिजनों का कुछ पता नहीं चला है।




### शुक्रवार ढोलेवाल चौक में हुआ था हादसा

हालाकि अभी 24 घंटे पहले ढोलेवाल चौक के पास ड्यूटी जा रही एक महिला की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हुई थी। महिला रैपिडो बाइक से अपने जॉब पर जा रही थी। इस दौरान बाइक अनियंत्रित हो गई जिस कारण महिला बाइक से नीचे गिर गए। महिला के सिर के ऊपर से ट्राला गुजर गया और उसकी मौत हो गई।

# Shri Ram Global School का भव्य वार्षिक खेल महोत्सव संपन्न

लुधियाना, यूटर्न, 14 फरवरी। Shri Ram Global School ने उत्साह और ऊर्जा से भरपूर वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में ट्रैक एंड फील्ड तथा इनडोर खेलों में विद्यार्थियों की 100% सहभागिता दर्ज की गई, जो विद्यालय की समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

मुख्य अतिथि एसीपी ट्रैफिक गुरदेव सिंह और विशिष्ट अतिथि एडीसीपी रमनदीप सिंह भुल्लर ने विद्यार्थियों की फिटनेस, अनुशासन और आत्मविश्वास की सराहना की। इस दौरान सड़क सुरक्षा जागरूकता पहल और पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय के आधिकारिक शुभंकर 'द ब्लेजहाट्र्स' और शक्तिशाली 'ब्राइट ब्रोंको' का अनावरण रहा, जो साहस और दृढ़ता का प्रतीक है। आकर्षक मार्च-पास्ट, ड्रिल्स और रोमांचक दौड़ प्रतियोगिताओं ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। खेलों के साथ शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक और ट्रॉफियों से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ हाउस को रोलिंग ट्रॉफी प्रदान की गई। विद्यालय ने अपने वार्षिक न्यूजलेटर (वॉल्यूम 1) का भी विमोचन किया। समारोह का समापन प्रेरणादायक माहौल में हुआ।












# महाशिवरात्रि पर शिव वेलफेयर सोसाइटी द्वारा भगवान भोलेनाथ का भव्य रुद्राभिषेक



लुधियाना/यूटर्न/14 फरवरी। लुधियाना में शिव वेलफेयर सोसाइटी की ओर से भगवान भोलेनाथ जी का विधिवत रुद्राभिषेक करवाया गया। विशेष रूप से पं. मोहित शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक संपन्न कराया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।सोसाइटी के प्रधान बिट्टू गुंबर ने बताया कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में हर वर्ष की तरह पिछले 18 वर्षों से विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 18 साल पहले कड़ी-चावल के लंगर से इस सेवा की शुरूआत की गई थी, जो आज एक विशाल स्वरूप ले चुकी है। उन्होंने बताया कि पिछले 40 वर्षों से लुधियाना में निकलने वाली हर शोभायात्रा और नगर कीर्तन में भी सोसाइटी की ओर से विशाल लंगर लगाकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाता है। इस मौके पूजा करवाते हुए प्रधान बिट्टू गुंबर,राजू गुंबर, ईशान गुंबर, रोहित गुंबर, अंजलि गुंबर, मुस्कान गुंबर, शगुन गुंबर,अनिष्ट गुंबर, सोनू यादव, देवट गुंबर, आर्यन गोगना सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित



लुधियाना, यूटर्न, 14 फरवरी। डीएवी पब्लिक स्कूल, पक्खोवाल रोड, लुधियाना में छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य, वेलनेस और जीवन कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय सीबीएसई क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 120 अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में संसाधन व्यक्तियों के रूप में कुंदन विद्या मंदिर, लुधियाना के प्रधानाचार्य डॉ. नफीस भांबी तथा एयर फोर्स स्कूल, हलवारा की प्रधानाचार्या सुश्री श्यामली वराइच ने छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य और वेलनेस को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। वहीं मैक्स आर्थर मैकॉलीफ पब्लिक स्कूल, समराला की प्रधानाचार्या डॉ. मोनिका और जी वर्ल्ड स्कूल, मोहाली की प्रधानाचार्या डॉ. पुष्पलता झा ने जीवन कौशल विकसित करने हेतु विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया और अपने अनुभव साझा किए।

सत्रों के दौरान तनाव, चिंता और भावनात्मक चुनौतियों से निपटने के व्यावहारिक उपायों पर विशेष बल दिया गया। वास्तविक जीवन के उदाहरणों और गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ करने की रणनीतियां बताई गईं। स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. सतवंत कौर भल्लर ने सभी संसाधन व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं नई शिक्षा नीति 2020 के विजन के अनुरूप शिक्षकों को सशक्त बनाती हैं और सकारात्मक शिक्षण वातावरण तैयार करने में सहायक होती हैं।

Uturn Time 15 Feb 2026_Layout 2 14-02-2026 23:10 Page 8



# वैलेंटाइन डे पर खौफनाक वारदातः नोएडा में बंद कार से युवक-युवती के शव बरामद

## सिर में गोली के निशान, युवक के हाथ में पिस्टल मिली; पुलिस जांच में जुटी



चंडीगढ़/नोएडा, यूटर्न, 14 फरवरी। वैलेंटाइन डे के दिन नोएडा के सेक्टर-107 क्षेत्र में शनिवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब एक बंद कार के भीतर युवक और युवती के शव बरामद हुए। दोनों के सिर में गोली लगने के निशान मिले हैं। पुलिस ने प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला माना है, हालांकि सभी पहलुओं से जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान दिल्ली के त्रिलोकपुरी निवासी सुमित (32) और नोएडा सेक्टर-101, सलारपुर निवासी रेखा (26) के रूप में हुई है। नोएडा के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस यमुना प्रसाद ने बताया कि सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में दादरी रोड स्थित पिलर नंबर 84 के पास एक संदिग्ध अवस्था में खड़ी कार की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर वाहन अंदर से लॉक पाया गया। डीसीपी ने बताया कि कार के भीतर जांच के दौरान दोनों के शव मिले। युवक के हाथ में एक पिस्टल भी बरामद हुई है। दोनों के सिर पर गोली के निशान पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम और फोरेंसिक जांच के बाद ही घटनाक्रम स्पष्ट हो सकेगा।

पुलिस यह भी जांच कर रही है कि दोनों के बीच संबंध क्या थे और घटना के पीछे संभावित कारण क्या हो सकता है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। कार और हथियार को जब्त कर जांच के लिए भेज दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारी और फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए हैं।

# विदेश भेजने के नाम पर एक करोड़ की ठगी का बड़ा खुलासा

## फर्जी वीजा के जरिए पांच राज्यों के लोगों से धोखाधड़ी, शाइन वीजा कंपनी का संचालक गिरफ्तार

अजीत झा

मोहाल, यूटर्न, 14 फरवरी। मोहाली के सीपी-67 स्थित Shine Visa नामक कंपनी द्वारा फर्जी वीजा के जरिए करीब एक करोड़ रुपये की ठगी किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इस गिरोह के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि आरोपी ने पंजाब समेत लगभग पांच राज्यों के लोगों को विदेश भेजने का झांसा देकर मोटी रकम वसूली।

मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी हरसिमरन बल ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की जा रही है और पुलिस रिमांड हासिल किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी लंबे समय से फर्जी दस्तावेजों, नकली वीजा और झूठे वादों के जरिए लोगों को अपने जाल में फंसाता रहा।





### ठगी की रकम से बनी संपत्ति होगी जब्त

डीएसपी हरसिमरन बल ने स्पष्ट किया कि आरोपी की चल-अचल संपत्तियों की विस्तृत जांच की जाएगी। यदि जांच में यह पाया गया कि ठगी की रकम से संपत्ति बनाई गई है, तो उसे कानूनी प्रक्रिया के तहत अटैच (जब्त) किया जाएगा। पुलिस बैंक खातों, लेन-देन और डिजिटल ट्रांजैक्शनों की भी गहन पड़ताल कर रही है।

### अकेला नहीं, पूरे नेटवर्क की तलाश

मोहाली पुलिस का कहना है कि यह मामला किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं हो सकता। यदि जांच में किसी अन्य एजेंट, दलाल या सहयोगी की संलिप्तता सामने आती है, तो उसके खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी हरसिमरन बल ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा जो लोगों को फर्जी वीजा दिलाने का झांसा देगा, पुलिस अब उसे सीधे जेल का वीजा दिलाएगी।

### बढ़ सकता है पीड़ितों का आंकड़ा

जांच एजेंसियों को आशंका है कि इस ठगी के शिकार लोगों की संख्या और बढ़ सकती है। कई पीड़ित अब तक डर या जानकारी के अभाव में सामने नहीं आ पाए हैं। पुलिस ने सभी पीड़ितों से आगे आकर शिकायत दर्ज कराने की अपील की है।यह कार्रवाई फर्जी इमिग्रेशन एजेंटों के खिलाफ कड़ा संदेश मानी जा रही है, जो युवाओं के विदेश जाने के सपनों का फायदा उठाकर ठगी का संगठित धंधा चला रहे हैं।

# रेहड़ी वाले को 20 हजार में पड़ा एक कुलचा, युवक ने चाचा कहकर छूए पांव और कुलचा खाकर चुराई नकदी

लुधियाना/यूटर्न/14 फरवरी। लुधियाना के खन्ना के सराफा बाजार में दिनदहाड़े नौसरबाजी की एक वारदात सामने आई है।



एक ठग ने कुलचे की रेहड़ी लगाने वाले व्यक्ति की जेब से लगभग 20 हजार रुपये चुरा लिए और मौके से फरार हो गया। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि आरोपी ने पहले कुलचा खरीदा और 20 रुपए का भुगतान किया। इसके बाद उसने रेहड़ी वाले से बातचीत की और उसके पैर छूने लगा। इसी दौरान उसने चालाकी से पीड़ित की जेब से 20 हजार रुपए निकाले और मौके से भाग गया। पीड़ित बरेली ने बताया कि आरोपी पहले भी उसके पास कुलचा खाने आता था। शुक्रवार को भी वह 20 रुपए का कुलचा खाने आया और 'चाचा-चाचा' कहकर पैर छूने के बहाने उसकी जेब साफ कर गया।

**सीसीटीवी में कैद हुई वारदात**

आरोपी के जाने के बाद जब पीड़ित ने अपनी जेब जांची, तो उसमें से 20 हजार रुपए गायब थे। पीड़ित ने आरोपी का पीछा भी किया, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। इस घटना के बाद खन्ना पुलिस भी सीसीटीवी के आधार पर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

# दोस्तों ने मनाया खास 'वैलेंटाइन डे', प्यार, हंसी और दोस्ती के नाम रही यादगार शाम

लुधियाना, यूटर्न, 14 फरवरी। दोस्ती और साथ की खुशियों को सेलिब्रेट करते हुए गीता सभरवाल ने अपनी करीबी दोस्तों के साथ





बकलावी (Baklavi) में एक खास ह्यवैलेंटाइन डे का आयोजन किया। यह आयोजन पूरी तरह से दोस्ती, सकारात्मक ऊर्जा और खुशनुमा पलों को समर्पित रहा। कार्यक्रम के दौरान सभी सहेलियों ने एक-दूसरे को खूबसूरत उपहार देकर अपने रिश्ते की मिठास को और गहरा किया। इसके साथ ही कई मजेदार खेलों और इंटरैक्टिव गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हंसी-ठिठोली और सेल्फी सेशन ने शाम को और भी यादगार बना दिया।

सजावट, संगीत और स्वादिष्ट व्यंजनों के बीच आयोजित यह सेलिब्रेशन आधुनिक महिलाओं के बीच बढ़ती ह्यवैलेंटाइन डे की परंपरा को दर्शाता है, जिसमें महिलाएं अपने दोस्ती के रिश्ते को खास अंदाज में सेलिब्रेट करती हैं। गीता सभरवाल ने बताया कि यह आयोजन सिर्फ एक पार्टी नहीं, बल्कि दोस्ती को सम्मान देने और जीवन के खूबसूरत पलों को साथ मिलकर जीने का अवसर था। प्यार, हंसी और खूबसूरत यादों से भरी यह शाम सभी के लिए लंबे समय तक यादगार रहेगी।

Uturn Time 15 Feb 2026_Layout 2  14-02-2026  23:10  Page 9



# ISBT के बाहर हादसों पर मानवाधिकार आयोग सख्त, डीसी व निगम कमिश्नर को नोटिस

## फुट ओवरब्रिज न बनने से रोज जोखिम में हजारों जानें







लुधियाना, यूटर्न, 14 फरवरी। इंटरस्टेट बस टर्मिनल (ISBT) के बाहर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर पंजाब स्टेट ह्यूमन राइट्स कमिशन ने कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन और नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता को नोटिस जारी कर 12 मार्च तक जवाब तलब किया है। मामला सामाजिक कार्यकर्ता अरविंदर शर्मा की शिकायत पर उठाया गया, जिसमें कहा गया है कि बस स्टैंड के बाहर रोजाना हजारों लोग जान जोखिम में डालकर सड़क पार करते हैं। यहां न तो फुट ओवरब्रिज (FOB) है और न ही सुरक्षित अंडरपास, जिसके कारण कई लोग हादसों का शिकार हो चुके हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि वे लंबे समय से पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित क्रॉसिंग की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन ने अब तक ठोस कदम नहीं उठाए।

अरविंदर शर्मा ने बताया कि दो महीने पहले एक गंभीर दुर्घटना के बाद उन्होंने मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। उनका कहना है कि यह केवल ट्रैफिक प्रबंधन का मुद्दा नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन और सुरक्षा से जुड़ा मानवाधिकार का प्रश्न है। विशेषज्ञों का मानना है कि ISBT जैसे व्यस्त स्थल पर पैदल पारपथ की अनदेखी सार्वजनिक सुरक्षा के साथ समझौता है। अब निगाहें प्रशासन के जवाब और संभावित कार्रवाई पर टिकी हैं, ताकि भविष्य में होने वाले हादसों को रोका जा सके।

# हलवारा एयरपोर्ट से उड़ानों की तैयारी तेज, एयर इंडिया को स्लॉट मंजूर

## दिल्ली के लिए रोजाना दो फ्लाइट्स प्रस्तावित, मालवा क्षेत्र को मिलेगा सीधा फायदा






लुधियाना, यूटर्न, 14 फरवरी। लंबे इंतजार के बाद हलवारा एयरपोर्ट से व्यावसायिक उड़ानें शुरू होने की दिशा में बड़ी प्रगति हुई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (अअक) को एयर फोर्स से हलवारा एयरबेस से सिविल फ्लाइट संचालन की औपचारिक क्लीयरेंस मिल चुकी है। साथ ही अअककी स्लॉट को-ऑर्डिनेशन-एलोकेशन कमेटी ने एयर इंडिया को दो स्लॉट आवंटित कर दिए हैं। अधिकारियों के अनुसार संचालन से जुड़ी अधिकांश औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं।

### उड़ान का समय और रूट

पहले स्लॉट में सुबह 7:00 बजे हलवारा में लैंडिंग और 7:40 बजे टेकऑफ की अनुमति मिली है। दूसरे स्लॉट में दोपहर 3:00 बजे लैंडिंग और 3:40 बजे टेकऑफ प्रस्तावित है। शुरूआती चरण में लुधियाना-दिल्ली के बीच रोजाना दो उड़ानें प्रत्येक दिशा में संचालित होंगी। दिल्ली से लुधियाना का सफर लगभग 1 घंटा 20 मिनट का रहेगा। संभावित किराया 2,800 से 3,500 रुपये के बीच हो सकता है, हालांकि टिकट दरें अभी घोषित नहीं हुई हैं। यात्रियों को उड़ान से कम से कम दो घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचना होगा।

### एयर इंडिया की तैयारियां

एयर इंडिया ने टर्मिनल बिल्डिंग में कार्यालय स्थापित करने के लिए अअकसे जगह मांगी है। हाल ही में एयरलाइन अधिकारियों ने टर्मिनल का दौरा कर दफ्तर की जगह फाइनल की। हालांकि टिकट बुकिंग अभी शुरू नहीं हुई है। मार्च 2026 से उड़ानें शुरू होने की संभावना जताई जा रही है, पर 1 मार्च की समयसीमा को लेकर अभी संशय बना हुआ है।

### आर्थिक प्रभाव और सुविधाएं

लंबे रनवे के कारण एयरबस अ-321 और बोइंग-737 जैसे बड़े विमान उतर सकेंगे। एयरपोर्ट उअळ-क्कऔर क्छर सिस्टम से लैस है, जिससे घने कोहरे में भी सुरक्षित टेकऑफ-लैंडिंग संभव होगी। उद्योग नगरी लुधियाना के होजरी, साइकिल और ऑटो-पार्ट्स सेक्टर को सीधी कनेक्टिविटी से बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। दूसरे चरण में कार्गो सेवाएं शुरू होने की योजना है, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि हलवारा एयरपोर्ट मालवा क्षेत्र—मोगा, बरनाला, बठिंडा और फिरोजपुर—के यात्रियों के लिए गेमचेंजर साबित होगा, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी।

# प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत डेराबस्सी में जूट प्रशिक्षण एवं रोजगार योजना शुरू



जीरकपुर, यूटर्न, 14 फरवरी। डेराबस्सी के नजदीकी गांव मुहम्मदपुर में पर्यावरण को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त करने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सेवा भारती द्वारा विशेष 'जूट प्रशिक्षण एवं रोजगार योजना' की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत से पहले संस्था के प्रधान डॉ. राजीव गुप्ता, प्रबंधक मंडल और प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं ने गांव के गुरुद्वारा साहिब में अरदास कर योजना की सफलता की कामना की। 'सेवा संस्कार और स्वावलंबन' के नारे के तहत शुरू किए गए इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत गांव की 25 युवतियों को जूट (पटसन) से टोकरियां, आकर्षक बैग और स्कूल बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण मैडम हरविंदर कौर द्वारा प्रदान किया जा रहा है। संस्था का मुख्य उद्देश्य इन हस्तनिर्मित उत्पादों को 'नो प्रॉफिट, नो लॉस' के आधार पर बाजार में उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को प्लास्टिक का पर्यावरण-अनुकूल विकल्प मिल सके और महिलाओं के लिए स्थायी रोजगार के अवसर पैदा हो सकें।


# देश के लिए शहादत देने वाला शहीद रहता है हमेशा अमर - डिंपल राणा




लुधियाना/यूटर्न/14 फरवरी। शहीद सैनिक परिवार सुरक्षा परिषद ने पुलवामा हमले को काले दिवस के रुप में मनाते हुए शहीद हुए सीआरपीएफ के 40 जांबाजों के बलिदान को स्मरण कर भावभीनी श्रद्धांजलि भेंट की। सेना की 3 जैक एल.आई के जवानों ने शस्त्र उलटे कर बिगुल की गौरवशाली धुन के साथ बलिदानी को सलामी दी। प्रि.जसकरणजीत सिंह काहलों की अध्यक्षता में सी.आर.पी.एफ की 75 बटालियन के कांस्टेबल मनिन्द्र सिंह का सातवें बलिदान दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा पंजाब के अध्यक्ष डिम्पल राणा व सी.जी.एम (चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट) कम-सचिव जिला कानूनी ऑथारिटी गुरदासपुर हरप्रीत सिंह बतौर मुख्य मेहमान शामिल हुए। इनके अलावा 25 मैक यूनिट के कमांडिंग अफसर कर्नल विश्वानाथ सीजी, 3 जैक एल.आई यूनिट से लेफ्टीनेंट बी.एस नेगी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। डिंपल राणा ने सात वर्ष पहले पुलवामा में हुए आंतकी हमले में शहीद हुए कांस्टेबल मनिन्द्र सिंह सहित 40 सी.आर.पी.एफ जवानो की शहादत को नमन करते हुए कहा मनिन्द्र जैसे जांबाजों के शौर्य व अमिट बलिदानों का देश सदैव कर्जदार रहेगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा पंजाब के चेयरमैन ठाकुर दविन्द्र सिंह दर्शी, कार्यकारिणी अध्यक्ष संत सिंह राणा, डी.एस राणा, शहीद सैनिक परिवार सुरक्षा परिषद के महासचिव कुंवर रविन्द्र सिंह विक्की प्रेस सचिव बिट्टा काटल, बी.एस.एफ की 24 बटालियन के डिप्टी कमांडेंट ए.के पवन, शहीद के पिता सतपाल अत्री, भाई लखवीश सिंह, भाभी ममता, बहनें शबनम, शीतल व गगन, बहनोई अशोक कुमार, राजिंदर सिंह व संदीप कुमार, भांजा आकाश उपस्थित रहे।




BIPAN JAIN



महाशिवरात्रि
पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ

Sharman
JAIN SWEETS
...feel happy...

- RANI JHANSI ROAD, LUDHIANA
- FEROZEPUR ROAD, LUDHIANA
- SEC-32, CHANDIGARH ROAD, LUDHIANA
- DUGRI, PHASE-I, LUDHIANA
- SCO 25, SEC-7, CHANDIGARH
- 1/83, GROUND FLOOR, CLUB ROAD, PUNJABI BAGH (WEST), NEW DELHI

Uturn Time 15 Feb 2026_Layout 2 14-02-2026 23:10 Page 10



# पंजाबी डायस्पोरा से संवाद में तरुण चुग का पंजाब के विकास एजेंडे पर जोर

## 'पासपोर्ट का रंग नहीं, भारतीय डीएनए मायने रखता है', डबल इंजन सरकार से ही लौटेगी पंजाब की रफ्तार: चुग

चंडीगढ़, यूटर्न, 14 फरवरी। चंडीगढ़ में आयोजित पंजाबी डायस्पोरा कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने देश-विदेश से आए प्रवासी पंजाबियों के साथ संवाद करते हुए पंजाब के विकास, निवेश, सुरक्षा और युवाओं के पलायन जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रवासी समुदाय की चिंताओं और सुझावों को गंभीरता से सुना और उन्हें भरोसा दिलाया कि पंजाब के पुनर्निर्माण में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।



तरुण चुग ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसी व्यक्ति को उसके 'पासपोर्ट के रंग' से नहीं, बल्कि उसके भीतर के भारतीय डीएनए और भारत के प्रति गर्व की भावना से पहचानती है। उन्होंने कहा कि 26 मई 2014 के बाद भारत ने वैश्विक मंच पर अभूतपूर्व आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना शुरू किया है और आज दुनिया में भारत की पहचान तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, मजबूत बुनियादी ढांचे और निर्णायक नेतृत्व के रूप में स्थापित हुई है।

उन्होंने कहा कि देश में विकास की गति तेज हुई है, लेकिन पंजाब को आत्ममंथन करने की जरूरत है कि कृषि, उद्योग, वाणिज्य और सेवा क्षेत्र जैसे चारों स्तंभों में राज्य संकट की स्थिति में क्यों पहुंचा।

चुग ने कहा कि निवेश के लिए भरोसेमंद माहौल, उद्योगों को संरक्षण, रोजगार सृजन और राज्य की वित्तीय स्थिति में सुधार आज की सबसे बड़ी प्राथमिकताएं हैं, क्योंकि बढ़ते कर्ज के बावजूद नई विकास क्षमता तैयार नहीं हो रही।

चुग ने कहा कि पंजाब को गिरावट से बाहर निकालने के लिए डबल इंजन सरकार आवश्यक है, ताकि केंद्र की विकास योजनाओं का लाभ पूरी क्षमता से राज्य तक पहुंचे और नीति व प्रशासनिक इच्छाशक्ति के साथ तेजी से काम हो सके। उन्होंने प्रवासी पंजाबियों को आश्वस्त किया कि भाजपा की सरकार बनने पर निवेश, सुरक्षा और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी तथा एनआरआई समुदाय के अधिकारों और उनकी पूंजी की सुरक्षा के लिए प्रभावी तंत्र स्थापित किया जाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रवासी भारतीय देश की विकास यात्रा के अहम भागीदार हैं।

उन्होंने कहा कि विश्वभर में बसे पंजाबियों की ऊर्जा, अनुभव और सहभागिता से ही राज्य का समग्र विकास संभव है। केंद्र सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की भावना के साथ जनकल्याण और अवसर सृजन के लिए निरंतर कार्य कर रही है और पंजाब को भी इसी विकास पथ पर आगे बढ़ना चाहिए।

# मिल्क कॉलोनी धनास को मिला आधुनिक खेल मैदान, किरण खेर ने किया उद्घाटन

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 14 फरवरी। पूर्व सांसद किरण खेर ने शुक्रवार को मिल्क कॉलोनी, धनास में नव विकसित स्पोर्ट्स ग्राउंड का उद्घाटन किया। यह खेल मैदान सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास (एमपीएलएडी) फंड के तहत तैयार किया गया है। कार्यक्रम में चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर व क्षेत्रीय पार्षद कुलजीत सिंह संधू, पार्षद सतिंदर सिंह सिद्धू सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। करीब 42.50 लाख रुपये की लागत से विकसित इस खेल मैदान में पक्के वॉकिंग पाथ, हरियाली व लैंडस्केपिंग, बिजली व्यवस्था तथा विभिन्न खेल गतिविधियों के लिए समर्पित प्ले एरिया जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे यह स्थान युवाओं और स्थानीय निवासियों के लिए एक जीवंत खेल एवं फिटनेस केंद्र बन गया है।



### 'स्वस्थ समाज की नींव हैं खेल मैदान'

उद्घाटन अवसर पर किरण खेर ने कहा कि खेल और शारीरिक गतिविधियां समाज को स्वस्थ बनाने की आधारशिला हैं। नियमित खेलकूद से न केवल शरीर मजबूत होता है, बल्कि बच्चों और युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास भी विकसित होता है। उन्होंने अभिभावकों और समुदाय के लोगों से आग्रह किया कि वे बच्चों को इस सुविधा का अधिकतम उपयोग करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करें।

### लंबे समय से लंबित मांग हुई पूरी

पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर व क्षेत्रीय पार्षद कुलजीत सिंह संधू ने एमपीएलएडी फंड स्वीकृत करने के लिए किरण खेर का आभार जताया और कहा कि दूध कॉलोनी, धनास के निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी हुई है। उन्होंने इसे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने उम्मीद जताई कि यह खेल मैदान युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ेगा और उन्हें नकारात्मक प्रभावों से दूर रखेगा। साथ ही, नागरिकों से भविष्य की पीढ़ियों के हित में इस सुविधा के रखरखाव की सामूहिक जिम्मेदारी निभाने की अपील की गई।

### नगर निगम खेल अवसंरचना को दे रहा प्राथमिकता

मेयर सौरभ जोशी ने बताया कि खेल मैदान में वॉकिंग ट्रैक, लैंडस्केपिंग, उचित प्रकाश व्यवस्था और चिन्हित खेल क्षेत्र जैसी संपूर्ण अवसंरचना विकसित की गई है। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर भर में खेल सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है, ताकि हर क्षेत्र को गुणवत्तापूर्ण मनोरंजन और खेल स्थल मिल सके।

# चंडीगढ़ से मोटरसाइकिल चोरी कर गांवों में बेचने वाला गिरोह बेनकाब, 20 बाइक समेत एक काबू



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/14 फरवरी। जिले के तलवंडी साबो थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चोरी के 20 मोटरसाइकिल बरामद किए हैं। इस दौरान गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार भी किया है। बताया जा रहा है कि यह गिरोह चंडीगढ़ और आसपास के इलाकों से मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें गांवों में बेचता था। अब इस गिरोह के तार बठिंडा से भी जुड़ गए हैं। एसपी हेडक्वार्टर जगदीश कुमार और डीएसपी हरप्रीत सिंह की निगरानी में थाना प्रभारी हरबंस सिंह की अगुवाई में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। चौकी सिंगो इंचार्ज सहायक थाना प्रभारी कुलविंदर सिंह को सूचना मिली थी कि धर्मवीर सिंह उर्फ धर्म निवासी गांव नंगला मोटरसाइकिल चोरी के धंधे में शामिल है। पुलिस ने 7 फरवरी को मुखबिर की सूचना के आधार पर धर्मवीर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान 20 वर्षीय आरोपी ने चौंकाने वाले खुलासे किए। उसने कबूल किया कि वह चंडीगढ़ के डड्डूमाजरा क्षेत्र के एक व्यक्ति के साथ मिलकर चंडीगढ़ और पंजाब के अन्य शहरों से मोटरसाइकिल चोरी करता था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से अब तक 20 चोरी के मोटरसाइकिल बरामद कर लिए हैं।

# हार्डवेयर दुकान का शटर तोड़ लाखों का सामान चोरी



डेराबस्सी, यूटर्न, 14 फरवरी। डेराबस्सी के गांव सुंदरां बस स्टैंड के पास स्थित एम.एस. सैनिटरी एंड हार्डवेयर में बीती रात चोरी की वारदात सामने आई है। चोर दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसे और करीब दो लाख रुपये मूल्य का सामान चोरी कर फरार हो गए।





दुकान मालिक मोहम्मद समीर ने बताया कि सुबह पड़ोसी दुकानदारों ने फोन कर सूचना दी कि उनकी दुकान का शटर टूटा हुआ है। मौके पर पहुंचकर देखा तो दुकान के भीतर सामान बिखरा पड़ा था। चोर करीब 200 पीतल की टोटियां, पानी की 5 मोटरें और 10 सिंक सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वारदात रात करीब 12 बजे के आसपास हुई। घटना की शिकायत पुलिस चौकी में दर्ज करवा दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। व्यापारियों ने पुलिस से रात के समय गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# जीरकपुर में बोरवेल विवाद: मुस्लिम समुदाय ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की

**पानी की किल्लत के बीच बोरवेल लगाने पर विवाद, नगर परिषद ने काम रोका**

**स्टे वाली जमीन विवादित, समुदाय ने आरोप लगाया झूठी शिकायत करने वालों पर कार्रवाई की जाए**



जीरकपुर, यूटर्न, 14 फरवरी। गांव छत में कब्रिस्तान के नजदीक बोरवेल लगाने को लेकर विवाद तेज हो गया है। मुस्लिम समुदाय के लोगों का कहना है कि वे लंबे समय से पानी की गंभीर किल्लत का सामना कर रहे हैं। पहले लगाया गया हैंडपंप पूरी तरह सूख चुका है, जिससे रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है।

समुदाय ने इस समस्या के समाधान के लिए आपस में चंदा इकट्ठा कर अपनी ही जमीन पर समरसेबल बोरवेल लगाने का निर्णय लिया। उनका दावा है कि जिस स्थान पर बोरवेल लगाया जा रहा था, वह कथित विवादित जमीन से लगभग 40-50 फीट दूर है।

## मनीमाजरा मोटर मार्केट में शिवरात्रि पर मेगा हेल्थ कैंप और विशाल लंगर का आयोजन

चंडीगढ़, यूटर्न, 14 फरवरी। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मनीमाजरा स्थित मोटर मार्केट में टीसीआई फाउंडेशन के सहयोग से एक मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर मोटर मार्केट के दुकानदारों के सौजन्य से यहां कार्यरत मैकेनिकों, ड्राइवरों और अन्य कामगारों के स्वास्थ्य कल्याण के उद्देश्य से लगाया गया था।




### भंडारे का भी हुआ आयोजन

स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ मोटर मार्केट के दुकानदारों द्वारा एक विशाल लंगर (भंडारा) भी आयोजित किया गया। कैंप में आए लोगों और स्थानीय निवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की उपस्थिति

कार्यक्रम में मनीमाजरा इडब्ल्यूएस रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनमें प्रधान श्याम सुंदर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर सिंह भारतीय और चेयरमैन सुभाष धीमान शामिल थे। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक सरोकार की दिशा में सराहनीय पहल बताया।आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि श्रमिक वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# पुलवामा शहीदों की स्मृति में जीरकपुर में रक्तदान शिविर, 80 यूनिट रक्त एकत्र

जीरकपुर, यूटर्न,14 फरवरी 2026। पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए सैनिकों की स्मृति में विश्वास फाउंडेशन पंचकूला और इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा मोहाली द्वारा जीरकपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से आयोजित यह शिविर मेट्रो स्टोर के सामने लगाया गया, जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एम केयर ब्लड सेंटर, जीरकपुर की टीम ने डॉ. कार्तिक अग्रवाल की देखरेख में कुल 80 यूनिट रक्त एकत्र किया।



आयोजकों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोच्च रूप है। उन्होंने कहा कि पुलवामा के शहीदों की याद में दिया गया रक्त देश की एकता और भाईचारे को मजबूत करता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि रक्तदान से कमजोरी आने का भ्रम त्यागें और हर 90 दिन में एक बार रक्तदान अवश्य करें। उनके अनुसार नियमित रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों की मदद होती है, बल्कि दानदाता का स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी दानदाताओं को प्रशंसा पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वास फाउंडेशन से ऋषि शाश्वत विश्वास, पवन गर्ग, संदीप परमार, सत्य भूषण खुराना सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क का पदार्फाश: जीरकपुर में दो मुख्य तस्कर गिरफ्तार

जीरकपुर, यूटर्न, 14 फरवरी। शिमला पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने जीरकपुर में छापेमारी कर गिरोह के दो मुख्य सरगनाओं — अंबाला कैंट निवासी विजे उर्फ डेविड (बिहारी) और जीरकपुर के नितेश शर्मा उर्फ माइक को गिरफ्तार किया है। शिमला के एसएसपी गौरव सिंह के अनुसार, यह मामला तब खुला जब टू टू इलाके से 11 ग्राम हैरोइन के साथ चार लोग पकड़े गए। पूछताछ में विजे का नाम सामने आया।

## सन्मति विमल जैन स्कूल में बाहरवीं क्लास के विद्यार्थियों के लिए रुखसत समारोह आयोजित



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/14 फरवरी। सन्मति विमल जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल जगराओं में प्रिंसिपल सुप्रिया खुराना के नेत्व में और स्कूल मैनेजमेंट के सहयोग से क्लास ग्याहरवीं के विद्यार्थियों ने क्लास बाहरवीं के विद्यार्थियों को फेयरवेल देने के लिए एक यादगार रुखसत समारोह आयोजित किया। इस मौके पर क्लास बाहरवीं के विद्यार्थियों के बिताए पलों को खूबसूरत और यादगार बनाने के लिए समारोह को बड़े जोश और धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह की शुरूआत ज्योति प्रज्वलित करके की गई। इस मौके पर, विद्यार्थियों ने प्रिंसिपल मैडम और स्कूल मैनेजमेंट का बहुत ही खूबसूरत और शानदार तरीके से गर्मजोशी से स्वागत किया। समारोह के दौरान, विद्यार्थियों ने बहुत ही खूबसूरत तरीके से गाने, गिद्दा, भांगड़ा, फन-गेम्स और दूसरे रंगारंग प्रोग्राम पेश किए। इस प्रोग्राम में, क्लास बारवी के विद्यार्थियों के बीच कल्चरल स्टाइल में फैंसी ड्रेस और मॉडलिंग कॉम्पिटिशन भी रखे गए। इस फैशन शो में जजों द्वारा विद्यार्थियों से पूछे गए सवालों के आधार पर मिस फेयरवेल हरसिमरन कौर, मिस्टर फेयरवेल नवदीप गोयल चुने गए। मैडम मलकीत कौर और अंकिता गुप्ता ने स्टेज की भूमिका खूबसूरती से निभाई। प्रिंसिपल सुप्रिया खुराना ने विद्यार्थियों को मेहनत और लगन से ज़िंदगी में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया ताकि वे अपने माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन कर सकें।



# विदेशी नंबर से कारोबारी को 1 करोड़ की रंगदारी की धमकी, परिवार दहशत में



लुधियाना, यूटर्न, 14 फरवरी। शहर में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला सराभा नगर इलाके का है, जहां एक कारोबारी को विदेशी नंबर से कॉल कर 1 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। रकम न देने पर कारोबारी और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है। घटना के बाद पीड़ित परिवार दहशत में है।

शिकायतकर्ता गुरप्रीत सिंह ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि 10 फरवरी की शाम करीब 6:50 बजे वह अपने घर पर थे, तभी उनके मोबाइल फोन पर एक विदेशी नंबर (+1-619-606-0307) से व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल रिसीव करने से पहले ही कट गई। इसके तुरंत बाद उसी नंबर से एक मैसेज प्राप्त हुआ, जिसमें सीधे तौर पर 1 करोड़ रुपये तैयार रखने की चेतावनी दी गई। मैसेज में धमकी दी गई कि यदि रकम का इंतजाम नहीं किया गया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और कॉल की लोकेशन व तकनीकी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि साइबर ट्रेसिंग के जरिए आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही पीड़ित परिवार की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## नीलकंठ महादेव क्लब की ओर से विशाल लंगर का आयोजन



दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 14 फरवरी। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में निकली गई शोभायात्रा के दौरान दरेसी रोड़ पर नीलकंठ महादेव क्लब की ओर से विशाल लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक अशोक पराशर पप्पी और नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर मुख्यातिथिओं के तौर पर शामिल हुए और लंगर वितरित किया। आए हुए मेहमानों का क्लब की तरफ से समाज सेवक पवन ठाकुर पम्मी, हरिओम वर्मा, मोहित ठाकुर, रोहित ठाकुर, दीपक वर्मा, गणेश रावत आदि ने स्वागत किया। इस अवसर पर रिटायर जेई भजन सिंह, दीपांकर शर्मा, शिवम शर्मा, राकेश कुमार पिंका, लक्की आदि विशेष तौर पर शामिल हुए।

## उत्तरी रेलवे की मंडल सलाहकार समिति (DRUCC) में डॉ. सुकृत सागर नामित



पुनीत महाजन

चंडीगढ़/देहरा-कांगड़ा, यूटर्न, 14 फरवरी। देहरा विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी एवं भाजपा नेता डॉ. सुकृत सागर को रेल मंत्रालय के रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा उत्तरी रेलवे की मंडल स्तरीय सलाहकार समिति (DRUCC) का सदस्य नामित किया गया है। यह नियुक्ति हमीरपुर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की अनुशंसा पर की गई है। मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (DRUCC) रेलवे प्रशासन को यात्रियों की सुविधाओं, नई रेल सेवाओं की शुरूआत, ट्रेनों के ठहराव, स्टेशन उन्नयन, स्वच्छता, सुरक्षा और अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों पर परामर्श देने वाला महत्वपूर्ण मंच है। डॉ. सागर की नियुक्ति से देहरा विधानसभा क्षेत्र सहित कांगड़ा जिले में उत्साह का माहौल है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि कांगड़ा घाटी रेल लाइन की बहाली, ट्रेनों की संख्या में बढ़ोतरी, प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार जैसे लंबे समय से लंबित मुद्दों को अब प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। सामाजिक संगठनों, व्यापार मंडलों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति को देहरा और कांगड़ा के लिए सकारात्मक कदम बताया है। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. सुकृत सागर ने सांसद अनुराग ठाकुर और रेलवे मंत्रालय का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। डॉ. सागर ने आश्वासन दिया कि वे क्षेत्र की रेल संबंधी समस्याओं और जन अपेक्षाओं को गंभीरता से उठाते हुए यात्रियों की सुविधा और क्षेत्र के समग्र विकास को प्राथमिकता देंगे।









Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372